# न्यायालय, राजस्व अपील प्राधिकारी, पाली

**पीठासीन अधिकारी : डॉ0 भास्कर बिश्नोई, आर.ए.एस.**

**राजस्व अपील संख्या : 10/2016 G.C.M.S. No. 2016/00271 दर्ज दिनांक : 15.01.2016**

**अपीलार्थिगण:**

1. दुदाराम पुत्र प्रतापजी जाति मेघवाल, निवासी लालपोल के अन्दर जालोर तहसील जालोर जिला जालोर

**बनाम**

**प्रत्यर्थिगण:**

1. राजस्थान राज्य जरिए भूमिधारी तहसीलदार तहसील कार्यालय जालोर

**अपील अन्तर्गत धारा 225 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 विरूद्ध सहायक कलक्टर जालोर द्वारा राजस्व वाद संख्या 478/1976 बअनवान सरकार बनाम प्रतापा पुत्र सरूपा में पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 16.11.1976 एवं प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 05 परिसीमा अधिनियम**

**पैरोकार–**

1. श्री गुणेश सिंह राजपुरोहित, विद्वान अभिभाषक अपीलांट।
2. राजकीय अधिवक्ता, विद्वान अभिभाषक रेस्पोडेन्ट।

## निर्णय

**दिनांक: 28.04.2026**

अपीलान्ट्स की ओर से जरिये अधिवक्ता अन्तर्गत धारा 223 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 विरूद्ध सहायक कलक्टर जालोर द्वारा राजस्व वाद संख्या 468/76 बअनवान सरकार बनाम प्रतापा पुत्र सरूपा में पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 16.11.1976 के विरूद्ध पेश की गई। प्रकरण संक्षेप में निम्नानुसार है–

मौजा जालोर खास के पूराने खसरा संख्या 1771 रकबा मात्र 2 बीघा 08 बिस्वा किस्म बारानी थर्ड की कृषि भूमि प्रतापा पुत्र सरूपा की एकमात्र खातेदारी थी व कब्जा काश्त था। भूमिधारी ने इस भूमि पर रेस्पोडेन्ट ने 1975 में एक वर्ष कब्जा होना बताते हुए खातेदारी एस.सी वर्ग व कब्जा सवर्ण का मानते हुए प्रार्थना पत्र सहायक जिलाधीश जालोर में पेश किया जो स्वीकार कर अपीलांट के पिता की खातेदारी को सिवायचक घोषित किया है। सहायक जिलाधीश ने उपरोक्त दोनो पक्षकारो के बयान लिए है। उसमें खातेदार प्रतापा ने बताया कि अगले वर्ष कास्त करने से असकर खां को मना कर दिया है तथा असकर खां वल्द अब्दखां स्वयं ने बयान मे बताया है कि अगले वर्ष प्रतापा ने कास्त करने से मना कर दिया है अब अगले वर्ष कास्त नहीं करूगा। इस प्रकार अनपढ, गरीब कास्तकार को धारा 175 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी न होने के कारण यदि हो गया तो जानकारी होने पर तुरन्त कब्जा असकर खां वल्द अब्दूखां से खातेदार प्रतापा ने प्राप्त कर लिया था तो अपीलाधीन आदेश पारित नहीं करना चाहिए था। उपरोक्त बयानात प्रत्रावली पर उपलब्ध होने के बावजूद गरीब खातेदार को खातेदारी को सिवाय चक का आदेश पारित करने में कानूनी एवं तथ्यात्मक भूल की है। मृतक प्रतापा पुत्र सरूपा भांबी

राजस्व अपील प्राधिकारी
पाली

अनुसूचित जाति का कास्तकार था उसका मुख्य पेशा कास्त ही था। अनुसूचित जाति वर्ग के काश्तकारो को भूमि आवटन करने की राज्य सरकार को मंशा आरम्भ से आज तक रहीं है। उक्त भूमि पर अपीलांट के के पिता के जीवनकाल तक कब्जा रहा तथा उनकी मृत्यु के बाद अपीलांट का कब्जा कास्त रहा है। इसके रि-सेटलमेन्ट की कार्यवाही के दौरान भू प्रबन्धक विभाग द्वारा नये खसरा नम्बर 1777 रकबा 1.65 हैक्टर बनाये गये है जो वर्तमान में सरकारी खाते में गलत रूप से दर्ज है। किसी ने बेदखल करने की कार्यवाही मौके पर आकर नहीं की इसलिए उन्हे अपने जीवनकाल में अपीलाधीन आदेश की जानकारी नहीं हो पायी फिर उनकी मृत्यु हो गयी। अपीलांट ने पटवारी हल्का से जानकारी प्राप्त की फिर दिनांक 21.12.2015 को नकल मांगी जो दिनांक 23.12.2015 को मिली। इससे पूर्व अपीलाधीन आदेश की जानकारी नहीं थी। डिले कन्डोन कर अपील अन्दर म्याद शुमार दर्ज किये जाने योग्य है। अपीलांट की अपील स्वीकार कर अपीलाधीन आदेश आदेश दिनांक 16.11.1978 जिसके द्वारा प्रतापा पुत्र सरूपा की खातेदारी को खालसा सिवायचक किया है उसे निरस्त कर वर्तमान खसरा नम्बर 1777 रकबा 1.65 हैक्टर में 0.48 हैक्टर मौजा जालोर ए में अपीलांट का नाम दर्ज करने के आदेश तहसीलदार जालोर को प्रदान करावे।

म्याद के बिन्दु पर निर्णय सुरक्षित रखते हुए अपील अपीलांट दर्ज रजिस्टर की जाकर रेस्पोंडेंट्स को जरिये सम्मन तलब किया गया।

प्रकरण में विद्वान अधिवक्ता अपीलांट की बहस सुनी गई। हमनें बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण का विस्तृत विवेचन व निर्णयन निम्नानुसार है:-

1. पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष रेस्पोडेन्ट द्वारा राजस्व प्रकरण अन्तर्गत धारा 175 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम प्रस्तुत किया। जिसे अधीनस्थ न्यायालय द्वारा आदेश दिनांक 16.11.1976 द्वारा स्वीकार किया गया। जिसके विरूद्ध हस्तगत अपील दिनांक 15.01.2016 को दीर्घ विलम्ब के साथ प्रस्तुत की गयी।
2. विंलबकाल माफ करने के लिए अपीलांट द्वारा धारा 5 परिसीमा अधिनियम का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मुख्य रूप से यह निवेदन किया कि अपीलाधीन आदेश 16.11.1976 की जानकारी 21.12.2015 से पूर्व नहीं थी। अपीलांट के पिता अपने हस्ताक्षर करने जानते थे वे कभी स्कूल नहीं गये। खेत में ढाणी बनाकर रहते थे गॉव से सम्पर्क कम ही था। इस कारण उन्हे ज्ञान नहीं था। उनके जीवनकाल तक उनका कब्जा कास्त मौके पर रहा परिवार सहित इसमें रहवास था किसी ने बेदखल करने की कार्यवाही मौके पर आकर नहीं की इसलिए उन्हे अपने जीवनकाल में अपीलाधीन आदेश की जानकारी नहीं हो पायी फिर उनकी मृत्यु हो गयी। दिनांक 21.12.2015 को नकल मांगी जो दिनांक 23.12.2015 की मिली फिर कानूनी सला प्राप्त कर यह अपील पेश की। अतः अपीलांट की अपील पेश करने में हुई देरी को कन्डोन कर अन्दर म्याद शुमार फरमावे।
3. पत्रावली पर उपलब्ध अधीनस्थ न्यायालय की आदेशिका की प्रमाणित प्रतिलिपि के अवलोकन से स्पष्ट है कि अधीनस्थ न्यायालय में रेस्पोडेन्ट तहसीलदार द्वारा अपीलांट के पिता प्रतापा पुत्र सरूपा एवं अकबर खां पुत्र अब्दुखां के विरूद्ध धारा 175 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का प्रकरण प्रस्तुत किया। जिसे अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिनांक

राजस्व अपील प्राधिकारी
पाली

